# राष्ट्रीय सेवा भारती

www.rashtriyasewabharati.org | विक्रम संवत - 2082, आषाढ़, शुक्ल पक्ष | ई बुलेटिन मासिक: जून- 2025



# सेवा की गंगोत्री - माधवराव परलकर

बेहोश बालक के शरीर पर ज्यों–ज्यों डॉक्टर की उंगलियां चल रहीं थीं, बच्चे में हो रही हलचल को देखकर मां की आंखों की चमक बढ़ती जा रही थी। बेटे के इलाज में पानी की तरह पैसा बहाने के बाद भी ठीक होने की कोई उम्मीद नहीं थी, फिर डॉ परलकर ने तो फीस के रूप में एक रूपया भी नहीं लिया था। जाने ये चमत्कार परलकर जी के हाथों की मसाज का था या उस नि:स्वार्थ सेवाभाव का जो माधवराव जी की रगों में लहु की तरह बह रहा था। गम्भीर पैरालिसिस से ग्रस्त बालक 6 घंटे में ही उठकर बैठ गया। आज वही बालक मुंबई के सबसे प्रतिष्ठित चार्टेड़ एकाऊटेंट में से एक है।

सी.ए. कंचन नारंग जैसे कितने ही मरीजों व उनके परिजनों के लिए माधवरावजी ईश्वर का अवतार थे। डॉ परलकर संघ के ऐसे प्रचारक थे, जिनका जीवन सेवा की वो अविरल गंगोत्री है जिसने कितने ही रोगियों व उनके परिजनों के कष्ट हर लिए। मुंबई में इलाज कराने वाले गरीब रोगियों के लिए नाना पालकर रूग्ण सेवासदन एक वरदान है जिसकी स्थापना डॉ परलकर जी ने की थी।

बाल्यकाल से संघ के स्वयंसेवक माधवराव परलकर एक मेधावी छात्र थे। 1947 में आयुर्वेद में चिकित्सक डिग्री प्राप्त कर कुछ दिन क्लीनिक चलाने के बाद वे संघ के प्रचारक बन गए। उन दिनों वे बांद्रा से विरार व चैम्बुर साईकिल से प्रवास किया करते थे। अपनी वाकपुटता व आकर्षक व्यक्तित्व के धनी परलकर जी युवाओं में बेहद लोकप्रिय थे। आप कई वर्ष विद्यार्थी परिषद के अखिल भारतीय संगठन मंत्री रहे। किंतु उनके मन में मरीजों के लिए सेवाभाव देखकर तत्कालीन सरसंघचालक परम् पूज्य श्री गोळवलकर गुरुजी ने डॉ परलकर को गरीब मरीजों एवं उनके परिजनों को रहने व खाने की सुविधा के लिए एक सेवासदन स्थापित करने की जिम्मेदारी दी।

कैंसर एवं टी.बी. जैसी गंभीर बीमारियों का ईलाज मंहगा व लंबा होता है। मरीज को तो हॉस्पीटल में ही खाना मिल जाता है। किंतु परिजनों के पास इस महानगर में रहने व खाने का खर्च उठाना बहुत मुश्किल होता है। आज टाटा मेमोरियल कैंसर हास्पीटल से आधा किलोमीटर दूरी पर बना दस मंजिला भवन नाना पालकर स्मृति रूग्ण सेवासदन सैकडों मरीजो के लिए घर व परिजनों की भूमिका निभाता है। 10 रू में भोजन व 1 माह तक नि:शुल्क रहने की सुविधा इन परिवारों के लिए बहुत बड़ा सहारा है। अपने अनवरत परिश्रम व नि:श्छल सेवाभाव के बल पर ईंट से ईंट जोड़कर परलकर जी ने इस सेवासदन को खड़ा किया है।


परलकर जी ने समाज के हर वर्ग से सहयोग लिया सामान्य स्वयंसेवक परिवारों से सालाना 500 रूपये लिए तो बिरला फाउंडेशन के मालिक आदित्य बिरला से 75 लाख की लिथोट्रेप्सी मशीन दान में ली। वहीं डॉ अजीत फड़के को अपने हास्पीटल में रखने व गरीब मरीजों के लेजर आपरेशन फ्री में करने के लिए राजी कर लिया। परलकर जी की अथक मेहनत से शुरू हुए गोखले डायलिसिस सेंटर में आज 14 मशीनों पर कई शिफ्टों में गरीब मरीजों को नि:शुल्क डायलिसिस सुविधा दी जाती है। सेवासदन के ट्रस्टी व परलकर जी के सहयोगी रहे विवेक छत्रे की मानें तो मुंबई के मेडिकल तबके में परलकर जी सबसे प्रतिष्ठित लोगो मे से एक थे। उनके इस अप्रतिम सेवाभाव के चलते मुंबई हास्पीटल के डीन गोयल से लेकर सारे बडे डॉक्टर धोती कुर्ता पहने इस साधारण से आयुर्वेदिक डॉ की हर तरह से मदद करने को तैयार रहते थे।


माधवरावजी के अथक प्रयासों से शुरू हुए गोखले डायलिसिस सेंटर में आज माधवराव जी ने अपने जीवन के एक-एक पल का उपयोग समाज के हित में किया था। आपातकाल में जेल में रहते हुए कैदियों के लिए योग सिखाया एवं मसाज की अद्भुत कला से सैकडों रोगियों को बिना पैसे लिए ठीक किया। 22 फरवरी 2008 में 81 वर्ष की उम्र में अंतिम सांस लेने से पहले वे नाना पालकर स्मृति संस्थान को सात मंजिल तक बनवा चुके थे।

| | |
|---|---|
| 19520 | शिक्षा |
| 9560 | स्वास्थ्य |
| 9392 | सामाजिक |
| 5649 | स्वावलम्बन |

## सेवा कार्यवृत्त

नर सेवा नारायण सेवा का मूल ध्येय लेकर समाज में वंचित, अभावग्रस्त, उपेक्षित एवं पीड़ित लोगों के सर्वांगीण विकास हेतु राष्ट्रीय सेवा भारती सतत कार्यरत है। यह नगरीय - झुग्गी झोपड़ी एवं पुनर्वास बस्तियों में समाज कल्याण कार्यक्रम जैसे नि:शुल्क चिकित्सा, नि:शुल्क शिक्षा, कौशल विकास प्रशिक्षण केंद्रों के माध्यम से भी कार्यरत है। देशभर में राष्ट्रीय सेवा भारती द्वारा 44121 सेवा कार्य चलाए जा रहे हैं।




# राष्ट्रीय सेवा साधना - आपदा प्रबंधन वार्षिक विशेषांक पुस्तक का प्रान्तों में विमोचन एवं भेंट की झलकियाँ




**पंजाब प्रान्त :** 1 मई 2025 को चंडीगढ़ के पीजीआई परिसर स्थित सेवा सदन का भव्य उद्घाटन समारोह आयोजित हुआ। इस अवसर पर पंजाब के राज्यपाल और चंडीगढ़ के प्रशासक माननीय श्री गुलाबचंद कटारिया जी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। इस अवसर पर उपस्थित गणमान्य अतिथियों द्वारा **"राष्ट्रीय सेवा साधना"** आपदा प्रबंधन पुस्तक का विमोचन किया गया।



**दक्षिण बिहार प्रान्त:** सेवा भारती पटना महानगर द्वारा सेवा बस्ती में पढ़ाने वाली बहनों का प्रशिक्षण वर्ग आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में संघ के डॉ. मोहन सिंह जी - क्षेत्र कार्यवाह, श्री उमेश रंजन जी - प्रान्त प्रचारक, श्री अंजनी जी - प्रान्त सेवा प्रमुख, श्री आशीष जी - सह प्रान्त प्रचारक एवं अन्य गणमान्य अधिकारियों की उपस्थिति रही। प्रशिक्षण वर्ग में "राष्ट्रीय सेवा साधना" आपदा प्रबंधन पुस्तक का विमोचन किया गया।



**सौराष्ट्र प्रान्त:** सेवा भारती सौराष्ट्र की प्रथम कार्यसमिति की घोषणा एवं प्रान्त की प्रथम बैठक, सेवा भारती भवन, राजकोट में संपन्न हुई। प्रथम बैठक में राष्ट्रीय सेवा भारती के अखिल भारतीय संगठन मंत्री श्रीमान सुधीर कुमार जी, संघ चालकजी श्रीमान मुकेशभाई मलकान जी एवं प्रान्त प्रचारक श्री महेशभाई जिवानी जी, सेवा भारती प्रान्त कोषाध्यक्ष श्री किशोरभाई मुंगलपारा जी और अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।





**हरियाणा प्रान्त:** सेवा भारती कार्यालय, सेवा श्री आश्रम करनाल में आयोजित प्रान्त कार्यकारिणी बैठक के अवसर पर "सेवा साधना 2025" आपदा प्रबंधन पुस्तक का भव्य विमोचन सम्पन्न हुआ।





**उत्तर तमिलनाडु प्रान्त:** के वेल्लोर जिले के श्रीपुरम् में सातवीं मोबाइल मेडिकल यूनिट का उद्घाटन किया गया, जिसे विस्तार फाइनेंशियल सर्विसेज प्रा. लि. और समर्पका सेवा ट्रस्ट, बेंगलुरु के सहयोग से संचालित किया जा रहा है। इसी अवसर पर राष्ट्रीय सेवा भारती द्वारा प्रकाशित वार्षिक पत्रिका सेवा साधना 2025 का भी भव्य विमोचन किया गया।



**मेरठ प्रान्त:** में सेवा भारती द्वारा सेवा निधि संग्रह अभियान समापन कार्यक्रम एवं वार्षिक कार्य योजना बैठक का आयोजन शताब्दी नगर स्थित माधव कुंज सभागार में किया गया। कार्यक्रम में राष्ट्रीय सेवा भारती द्वारा प्रकाशित "राष्ट्रीय सेवा साधना" आपदा प्रबंधन पुस्तक का भी विमोचन किया गया।




# राष्ट्रीय सेवा साधना - आपदा प्रबंधन वार्षिक विशेषांक पुस्तक का प्रान्तों में विमोचन एवं भेंट की झलकियाँ




**हरियाणा प्रान्त:** पुण्यश्लोका लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर समिति, हरियाणा गुरुग्राम विभाग द्वारा आयोजित कार्यक्रम सामुदायिक भवन, सेक्टर 14, गुरुग्राम में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में राष्ट्रीय सेवा भारती द्वारा प्रकाशित "राष्ट्रीय सेवा साधना" आपदा प्रबंधन पुस्तक का विमोचन किया गया।




**उत्तराखंड प्रान्त:** उत्तराखंड सेवा भारती प्रान्त कार्यकारिणी द्वारा देहरादून में "राष्ट्रीय सेवा साधना" पुस्तक के विशेषांक "आपदा प्रबंधन" का विमोचन कार्यक्रम आयोजित किया गया।




**ब्रज प्रान्त :** सेवा भारती ब्रज के तत्वावधान में आगरा कॉलेज के सभागार में "राष्ट्रीय सेवा साधना" पुस्तक के विशेषांक "आपदा प्रबंधन" का विमोचन कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह विशेषांक राष्ट्रीय सेवा भारती द्वारा प्रकाशित किया गया है। कार्यक्रम में संस्कार भारती के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य श्री बांके लाल गौड़ जी, क्षेत्र सेवा प्रमुख श्री धनीराम जी, सेवा भारती के प्रान्त अध्यक्ष श्री उमेश गर्ग जी उपस्थित रहे।

## भेंट



**प्रान्त: कर्णाटक उत्तर:** राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य एवं तंत्रिका विज्ञान संस्थान (NIMHANS) की निदेशक डॉ. प्रतिमा मूर्ति जी एवं आपदा प्रबंधन, मनोवैज्ञानिक विभाग के प्रमुख डॉ. दिनाकरन जी को राष्ट्रीय सेवा भारती के संयुक्त महामंत्री श्री विजय मनोहर पुराणिक जी, सेवा भारती बंगलुरू के कार्यकर्ता नरसिंहन जी, उदय शंकर जी और जिला सेवा प्रमुख विनय जी द्वारा राष्ट्रीय सेवा साधना: आपदा प्रबंधन पुस्तक भेंट की गई।



राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के सदस्य Shri Rajendra Singh Ji, PTM, TM, Former Director General, Indian Coast Guard को राष्ट्रीय सेवा साधना आपदा प्रबंधन पुस्तक भेंट की गई। इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा भारती के संयुक्त महामंत्री आदरणीय विजय मनोहर पौराणिक जी, डॉ दीप नारायण पाण्डेय जी ( सहायक प्राध्यापक, विशिष्ट आपदा शोध केंद्र, जेएनयू), श्री कृष्ण जी ( आपदा प्रबंधन टोली सदस्य), डॉ सतीश कुमार सैनी जी ( सहायक प्राध्यापक, दिल्ली विश्वविद्यालय) और श्रीमान अरविंद जी (राष्ट्रीय सेवा भारती कार्यालय प्रमुख) उपस्थित रहे।



**दिल्ली प्रान्त:** संवाद से बदलाव कार्यक्रम का आयोजन इंद्रप्रस्थ महिला कॉलेज, दिल्ली विश्वविद्यालय में किया गया। इस कार्यक्रम में पद्मश्री हिम्मत राम भांभू जी, राष्ट्रीय सेवा भारती की महामंत्री श्रीमती रेणु पाठक जी, कर्मा लेकलैंड्स के संस्थापक और सीईओ श्री अश्विनी खुराना जी, दिल्ली विश्वविद्यालय के इंद्रप्रस्थ महिला कॉलेज की प्रधानाचार्य प्रो. पूनम कुमारी जी सहित अन्य गणमान्य अधिकारियों की उपस्थिति रही। इस कार्यक्रम में राष्ट्रीय सेवा भारती की महामंत्री श्रीमती रेणु पाठक जी द्वारा उपस्थित गणमान्य समाजसेवी बंधुओं को राष्ट्रीय सेवा साधना: आपदा प्रबंधन पुस्तक भेंट की गई।




# पूर्वी उत्तर प्रदेश क्षेत्र वैभवश्री एवं अध्ययन टोली प्रशिक्षण वर्ग गोरखपुर

**प्रान्त: गोरक्ष**

राष्ट्रीय सेवा भारती के स्वाबलंबन आयाम के तहत पूर्वी उत्तर प्रदेश क्षेत्र के वैभवश्री एवं अध्ययन टोली का दो दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग 11 एवं 12 मई 2025 का सरस्वती शिशु मंदिर पक्की बाग, गोरखपुर में सम्पन्न हुआ।

उद्घाटन राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के पूर्वी उत्तर प्रदेश क्षेत्र सेवा प्रमुख श्री युद्धवीर जी एवं राष्ट्रीय सेवा भारती के वैभवश्री टोली के सदस्य श्री विनोद मोहने जी, श्रीमती रीना सोलंकी जी द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के क्षेत्र प्रचारक श्री अनिल जी, गोरक्ष प्रान्त के प्रान्त संघचालक डॉ महेंद्र अग्रवाल जी तथा प्रान्त प्रचारक श्री रमेश जी सहित पूर्वी उत्तर प्रदेश क्षेत्र के कानपुर, काशी, अवध और गोरक्ष प्रान्त के वैभवश्री एवं अध्ययन टोली के सभी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

प्रशिक्षण वर्ग में राष्ट्रीय सेवा भारती द्वारा प्रकाशित "राष्ट्रीय सेवा साधना" आपदा प्रबंधन पुस्तक का भी विमोचन किया गया। यह पुस्तक आपदा के समय सेवा कार्यों, राहत एवं पुनर्वास प्रयासों और जनजागरूकता पर आधारित लेखों का संग्रह है, जो सामाजिक सेवा के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण दिशा प्रदान करती है।





**प्रान्त : केरल**

पिछले वर्ष वायनाड में आई भीषण बाढ़ और भूस्खलन से भारी नुकसान हुआ था। सेवा भारती - केरल अब प्रभावित परिवारों के लिए नए घर बना रही है। यह तस्वीरें मेप्पड़ी चुरलमाला में भूमि पूजन कार्यक्रम की हैं, जहां 20 नए घरों का निर्माण किया जाएगा ताकि पीड़ित परिवारों को स्थायी आश्रय मिल सके।




**प्रान्त: जम्मू कश्मीर**

सेवा भारती राजौरी, जम्मू कश्मीर प्रान्त और नेशनल मेडिकोज़ ऑर्गेनाइज़ेशन (NMO) द्वारा संयुक्त रूप से एक निशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन राजौरी के ससालकोट गांव में किया गया। इस शिविर में स्थानीय निवासियों को मुफ्त स्वास्थ्य जांच और परामर्श प्रदान किए गए।

इस शिविर में वरिष्ठ डॉक्टरों की टीम मौजूद रही, जिसमें GMC असोसिएटेड हॉस्पिटल राजौरी के वरिष्ठ सर्जन डॉ. गोपाल शर्मा जी, NMO जम्मू-कश्मीर व लद्दाख टीम के अध्यक्ष डॉ. कुलवंत सिंह जी और डेंटल सर्जन डॉ. सोफिया जी शामिल रहे।

शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लिया और चिकित्सा सेवाओं का लाभ उठाया। शिविर का आयोजन श्रीमती शक्ति गुप्ता, कार्यकारी सदस्य, जम्मू-कश्मीर और लद्दाख की देखरेख में किया गया।



**प्रान्त : हिमाचल प्रदेश**

सेवा भारती, हिमाचल प्रदेश शाखा नेरचौक, नेशनल मेडिकोज ऑर्गेनाइजेशन और माता हाटेश्वरी मंदिर प्रबंधन समिति के सहयोग से एक दिवसीय स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। कैंप में मेडिकल यूनिवर्सिटी नेरचौक से विभिन्न रोगों के विशेषज्ञ शामिल हुए। दवाइयों की व्यवस्था Able Farma, Fine Drugs & Skin Care, Safe Life Care, Puremed Biotech, Rayonik Remedies, कामधेनु आयुर्वेदिक फार्मेसी और श्रीराम सेना बद्दी ने की। सेवा भारती की टीम ने आसपास की 25 पंचायतों में शिविर की जानकारी दी। कुल 200 लोगों ने स्वास्थ्य जांच करवाई। इस अवसर पर सेवा भारती के विभाग पूर्णकालिक राजकमल जी, अध्यक्ष नंदलाल ठाकुर जी, सचिव रामशरण जी, नागर देव जी, मंदिर समिति और NMO के सभी सदस्य उपस्थित रहे।



**प्रान्त : उत्तराखंड**

आज 15 मई को सेवा भारती एवं मानस खंड द्वारा एक माह से वाल्मीकि बस्ती चद्र नगर देहरादून दक्षिण भाग मे चल रहे मेहंदी एवं ब्यूटिशन के प्रशिक्षण का समापन हुआ , जिसमे शिक्षार्थियों को प्रमाण पत्र भी वितरित किये गए।



**प्रान्त: चित्तोड़**

सेवा भारती झालावाड़ के तत्वाधान में श्रीराम जानकी सर्वजातीय सामूहिक विवाह सम्मेलन संपन्न हुआ। जिसमें 25 नव-युगल वर-वधू भारतीय संस्कृति अनुसार परिणय सूत्र में बंधे । सेवा भारती झालावाड़ समरसता युक्त समाज के निर्माण के लिए हर वर्ष सर्वजातीय सामूहिक विवाह सम्मेलन करती आ रही है।

कार्यक्रम में मुख्य वक्ता श्रीमान शिव लहरी जी (राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ राजस्थान क्षेत्र सेवा प्रमुख), संत सानिध्य सम्माननीय रामदास महाराज जी, मुख्य अतिथि श्रीमान गिरिराज पाटीदा जी, विशिष्ट अतिथि श्रीमान सूरत राम गुजर जी, सेवा भारती चित्तौड़ प्रान्त के अध्यक्ष श्रीमान विवेक बोहरा जी, उपाध्यक्ष श्रीमती करुणा शर्मा जी, संगठन मंत्री श्रीमान गोविंद कुमार शाह जी, मंत्री गोपी राज सोनी जी, कोषाध्यक्ष मोहन मुरारी सोनी जी, सहित समाज के अनेकों गणमान्य एवं प्रबुद्धजनों ने नव-युगल वर-वधू को अपना आशीर्वाद प्रदान किया।



**प्रान्त: केरल**

सेवा भारती पैलिएटिव केयर नर्सों के लिए दो दिवसीय राज्य स्तरीय प्रशिक्षण वर्ग आयोजित किया गया। वर्ग में त्रिशूर सरकारी मेडिकल कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ. एन. अशोकन जी, सेवा भारती केरल के राज्य महासचिव डॉ. श्रीराम शंकर जी, सचिव श्री एम. राजीवन जी, राज्य समिति सदस्य श्रीमती सीता शंकर जी, पैलिएटिव ट्रेनर श्री जोस पुलिमूटिल जी और श्री प्रिंस वी.वी. सहित अन्य गणमान्य अधिकारियों की उपस्थिति रही।



**प्रान्त : अवध**

सेवा भारती अयोध्या महानगर के द्वारा आज बहादुरगंज सेवा बस्ती चंद्रगुप्त नगर में निशुल्क चिकित्सा शिविर आयोजित किया गया। जिसमें कुल 210 लाभार्थियों को चिकित्सकों द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण कर आवश्यक दवाएं वितरित की गई।




**प्रान्त: उत्तर असम**

सेवा भारती द्वारा माजुली जिले में मोबाइल साइंस लैबोरेटरी का उद्घाटन किया गया।

आज श्री लोहित उच्च विद्यालय गोल गांव के इस कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं, अभिभावकगण, शिक्षकगण व स्थानीय लोगों ने सक्रियता से भाग लिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विभिन्न शिक्षाविद्, समाजसेवी एवं स्थानीय नेता उपस्थित रहे। अतिथियों ने विज्ञान शिक्षा की आवश्यकता, ग्रामीण क्षेत्रों में प्रौद्योगिकी शिक्षा के प्रवाह और विज्ञान शिक्षा के प्रति छात्रों को प्रेरित करने की दिशा में ऐसी पहलों के महत्व पर प्रकाश डाला।

सभी इस बात से सहमत हैं कि ग्राम क्षेत्र के विद्यार्थी मोबाइल प्रयोगशाला के माध्यम से व्यावहारिक रूप से विज्ञान ज्ञान प्राप्त कर सेवा भारती पूर्व की इस पहल ने गांव क्षेत्र की शिक्षा में एक नई दिशा खोली है।




**प्रान्त: जयपुर**

सेवा भारती समिति बस्सी द्वारा आज पीपल पूर्णिमा के अबूझ सावे पर नईनाथ धाम खंडेलवाल धर्मशाला बांसखो में आयोजित श्री राम जानकी द्वितीय सर्वजातीय सामूहिक विवाह सम्मेलन में छह जातियां के 10 जोड़े वैवाहिक बंधन में बंधे। प्रातः 8:00 बजे सभी दूल्हों की बारात घोड़ी बजा के साथ में मुख्य बाजार से होकर निकली जिसे बाजार में सभी लोगों ने भव्य स्वागत किया पुष्प वर्षा की वहां से फिर अपने निजी वाहनों के द्वारा विवाह स्थल पर पहुंचे जहां तोरण की रस्म होकर सभी दूल्हा दुल्हनों की मंच पर वरमाला हुई एवं पूज्य संतों का आशीर्वाद मिला इस अवसर पर सेवा भारती बस्सी की समस्त कार्यकारिणी प्रांतीय सेवा भारती समिति के पदाधिकारी एवं विवाह सम्मेलन में सहयोग करने वाले भामाशाह उपस्थित रहे।



**प्रान्त: दिल्ली**

अप्रैल 2025 को एम्स में ट्रांसजेंडर स्वास्थ्य सेवाओं के लिए दिशा-निर्देशों और एसओपी के कार्यान्वयन पर राष्ट्रीय परामर्श आयोजित हुआ। यह कार्यक्रम स्वास्थ्य सेवा महानिदेशालय और स्वास्थ्य मंत्रालय के सहयोग से हुआ, जिसमें 100+ विशेषज्ञ, सरकारी अधिकारी, एनजीओ और ट्रांसजेंडर समुदाय के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। सेवा भारती दिल्ली की तरफ से श्रीमान कुंदन जी ने विषय पर अपने सुझाव रखे।




## प्रान्त : झारखण्ड

18 मई 2025, सेवा भारती, झारखंड की तत्वावधान में रांची के अनगड़ा प्रखंड अंतर्गत जोन्हा के सेवा धाम स्थित आरोग्य सेवा केंद्र में आरोग्य सेवा मित्र का एक दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न हुआ। प्रशिक्षण का उद्घाटन राष्ट्रीय सेवा भारती के न्यासी गुरुशरण प्रसाद ने किया। श्री गुरुशरण प्रसाद ने कहा कि सुदूर ग्रामीण अंचलों के लिए सेवा भारती का आरोग्य सेवा मित्र अनोखा और महत्वपूर्ण कार्य है। ग्रामीणों की छोटी-छोटी बीमारियों का समय पर इलाज न होने से वो विकराल रूप धारण कर लेते हैं। सेवा भारती के प्रशिक्षित आरोग्य सेवा मित्र अपने ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवा का कार्य करेंगे। लोगों की छोटी-छोटी बीमारियों को समय जांच कर मरीज को सूचित करेंगे जिससे मरीज शीघ्र संबंधित चित्सालय में ईलाज करा सकेंगे।

आरोग्य सेवा मित्र प्रशिक्षण के प्रथम चरण में रांची के विशेषज्ञ चिकित्सक डॉ मनीष कुमार ने ब्लड प्रेशर के विषय में विस्तार से बताया साथ ही ब्लड प्रेशर नापने की जानकारी दी। हमारा हृदय कैसे काम करता है? इस पर विषय पर डॉ मनीष कुमार ने प्रायटीकल रूप बतलाया। मौके पर आरोग्य सेवा केंद्र प्रभारी श्रद्धानंद पाठक ने ब्लड सर्कुलेशन संबंधित जानकारी से आरोग्य सेवा मित्र को अवगत कराया। आरोग्य सेवा मित्र प्रशिक्षण में 25 गांव से चयनित 25 सेवा भावी महिला व युवतियां शामिल हुईं।



## प्रान्त: मालवा

सेवा भारती इंदौर द्वारा आयोजित पाँच दिवसीय तरुणी वर्ग का सफल आयोजन गुजराती स्कूल, विजय नगर, इंदौर में संपन्न हुआ। इस वर्ग में बालिकाओं को विभिन्न सत्रों के माध्यम से मार्गदर्शन प्रदान किया गया। सत्रों में संगत का असर, स्वबोध, किशोरी आयु, सोशल मीडिया, लव जिहाद, सोलह श्रृंगार का वैज्ञानिक महत्व तथा नागरिक अनुशासन जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा एवं बौद्धिक सत्र आयोजित किए गए।

इस अवसर पर विभाग संघचालक श्री मुकेश मोढ जी, अतिथि श्री पंकज संघवी जी, इंदौर विभाग अध्यक्ष श्रीमती अनीता रघुवंशी जी, प्रान्त उपाध्यक्ष श्री नारायण अग्रवाल जी, प्रान्त सेवा प्रमुख श्री शैलेन्द्र महाजन जी, प्रान्त संयोजिका किशोरी विकास श्रीमती विनीता रावल जी, विभाग सह सेवा प्रमुख श्री रत्नेश दुबे सहित जी अनेक वरिष्ठ पदाधिकारी उपस्थित रहे। वर्ग में कुल 145 कार्यकर्ताओं ने शिक्षार्थी, शिक्षक और मातृशक्ति ने सक्रिय सहभागिता की।




## प्रान्त : गोरक्ष

दिनांक 2 मई 2024 शाम 6.00 बजे महात्मा गांधी इंटर कॉलेज में सेवा भारती, गोरक्षप्रांत की एक बैठक सेवा भारती के प्रांत अध्यक्ष श्री अतुल सराफ़ जी की अध्यक्षतामें संपन्न हुई। इस बैठक में सेवा भारती गोरक्षप्रांत के वेबसाइट "www.sewabharatigoraksh.org" का लोकार्पण राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के वरिष्ठ प्रचारक, राष्ट्रीय सेवा भारती के संयुक्त महासचिव श्री विजय पौराणिक एवं गोरक्षप्रांत के प्रांत प्रचारक श्रीमान रमेश जी द्वारा डिजिटल बटन दबा कर किया गया। वेबसाइट एड्रेस की प्रविष्टि वेब ब्राउजर पर करके वेबसाइट के खोलने का शुभारंभ प्रांत अध्यक्ष श्री अतुल सराफ़ जी एवं प्रांत संघचालक डॉ महेंद्र अग्रवाल द्वारा किया गया।



केरल प्रान्त  में सेवा भारती कल्लोरकड और पलारीवत्तोम चैतन्य नेत्र अस्पताल के सहयोग से सरस्वती विद्या मंदिर में नि:शुल्क नेत्र परीक्षण और मोतियाबिंद विज्ञान शिविर का आयोजन हुआ।



मध्यभारत प्रान्त सेवा भारती,रायसेन द्वारा दिनांक 10 मई 2025 को गढ़ी एवं देवनगर (देहगांव) में संस्कार केंद्रो का शुभारंभ किया गया।




उत्तर असम प्रान्त में सेवा भारती पूर्वांचल द्वारा माधवदेव विश्वविद्यालय, नारायणपुर में कैंसर पर जागरूकता हेतु कार्यक्रम आयोजित किया गया।



जम्मू कश्मीर प्रान्त के पूंछ क्षेत्र में सेवा भारती द्वारा घायलों को उपचार और आवश्यक दवाइयाँ उपलब्ध कराई जा रही हैं।




दक्षिण बिहार प्रान्त में सेवा भारती बोधगया द्वारा बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर महाबोधि मंदिर परिसर में तीन दिवसीय निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया।



पंजाब प्रान्त के जिला प्रशासन के आह्वान पर सेवा भारती गुरदासपुर और रा. स्व. संघ द्वारा पुराने अस्पताल के एमरजैंसी वार्ड में विभिन्न सामाजिक संगठनों के साथ स्वयंसेवकों ने 102 यूनिट रक्तदान किया।



राष्ट्रीय सेवा भारती
वेबसाइट :www.rashtriyasewabharati.org
ईमेल : office@rashtriyasewabharati.org
फोन न. : 011-46523618,  मोबाइल न. 09868245005